वर्ष 2016 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों की सूची

samanyagyan.com/hindi/gk-nobel-prize-winners-2016

वर्ष 2016 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों की सूची (2016 Nobel Prize Winners List in Hindi)

नोबेल फाउंडेशन ने अक्टूबर 2016 के प्रारंभिक सप्ताह में वर्ष 2016 के लिए विभिन्न श्रेणियों में नोबल पुरस्कारों की घोषणा की है। सभी विजेताओं को 10 दिसंबर को अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि पर स्वीडन में सम्मानित किया जाएगा।
अल्फ्रेड नोबेल ने वर्ष 1895 में नोबल पुरस्कार की स्थापना की थी। आरंभ में अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार इसमें शामिल नहीं था। स्वीडन के सेंट्रल बैंक ने 1968 में इसकी घोषणा की थी। नोबल पुरस्कार विजेता को 80 लाख स्वीडिश क्रोनर (लगभग छह करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि के रूप में दिए जाते हैं।

इन्हें भी पढे: विश्व के प्रमुख पुरस्कार व सम्मानों के नाम एवं संबंधित क्षेत्र

वर्ष 2016 के विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए नोबेल पुरस्कार श्रेणियां:

1. अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार

वर्ष 2016 के लिए अर्थशास्त्र में नोबल पुरस्कारों के लिए **ब्रिटिश मूल के अर्थशास्त्री ओलिवर हार्ट और फिनलैंड के बेंग्ट हॉमस्ट्रॉम** के नामों की घोषणा की गयी। दोनों अर्थशास्त्रियों को अनुंबध से मिलने वाली मदद से जुड़ा सिद्धांत देने के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

स्वीडन की नोबल रॉयल अकादमी ने प्रशस्ति पत्र में कहा कि वास्तविक जीवन से जुड़े अनुबंधों और संस्थानों को समझने और साथ ही अनुबंधों को बनाने में होने वाली संभावित चूकों पर किए गया उनका कार्य महत्वपूर्ण है इसलिए उन्हें इस पुरस्कार हेतु चुना गया।

2. रसायन विज्ञान का नोबल पुरस्कार

रसायन विज्ञान के क्षेत्र में **फ्रांस के जीन पियरे शावेज़, ब्रिटेन के जे फ्रेज़र स्टोडार्ट एवं नीदरलैंड के बर्नार्ड फेरिंगा** को इस वर्ष का नोबल पुरस्कार दिया जायेगा। तीनों वैज्ञानिकों को आणविक मशीनों के अविष्कार तथा नैनो तकनीकी को नए स्तर पर ले जाने हेतु इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। यह तीनों वैज्ञानिक संयुक्त रूप से 9.33 लाख डॉलर (लगभग 6.21 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि साझा करेंगे।

तीनों वैज्ञानिकों ने नियंत्रणीय गति के साथ अणुओं का विकास करने में सफलता प्राप्त की जो उर्जा संचार होने के लक्ष्य को पूरा करने में सक्षम है। वैज्ञानिकों की इस खोज के कारण साधारण मशीन से कई गुना छोटी आणविक मशीन बनाने की दिशा में प्रयोग किये गये। इन आणविक मशीनों द्वारा सेंसर, उर्जा भंडारण तथा उर्जा आकार को नई दिशा मिल सकेगी।

3. भौतिकी का नोबल पुरस्कार

डेविड थोलुज, डेंकन हेल्डन और माइकल कोस्टरलिट्ज कोवर्ष 2016 के भौतिकी नोबल पुरस्कार हेतु चयन किया गया। उन्हें पदार्थ और द्रव्य अवस्थाओं पर शोध हेतु यह पुरस्कार दिया गया। डेविड जे थोलुज, यूनिवर्सिटी ऑफ़ वाशिंगटन में प्रोफेसर हैं। एफ डंकन एम

हेल्डन प्रिन्सटन यूनिवर्सिटी, अमेरिका में भौतिकी के प्रोफेसर हैं। जे माइकल कोस्टरलिट्ज ब्राउन यूनिवर्सिटी में भौतिकी के प्रोफेसर हैं। यह तीनों संयुक्त रूप से 8 मिलियन स्वीडिश क्रोनोर का पुरस्कार साझा करेंगे।

सभी तीनों विजेताओं ने भौतिकी में खोज हेतु टोपोलॉजिकल अवधारणाओं का प्रयोग किया। 1970 के शुरुआती वर्षों में माइकल कोस्टरलिट्ज एवं डेविड थोलुज ने इस अवधारणा को बदला कि सुपरकंडक्टिविटी पतली परतों में नहीं पाई जाती।
इन वैज्ञानिकों द्वारा की जा रही खोज अभी शोध के स्तर पर है लेकिन भविष्य में उनकी खोज का प्रयोग पदार्थ विज्ञान में किया जा सकेगा। यदि उनकी खोज सफल रही तो भविष्य में वर्तमान से भी छोटे कंप्यूटर और फोन बनाये जा सकेंगे। इन तीनों वैज्ञानिकों की खोज तत्वों की डिजाइनिंग की अवस्था से सम्बंधित है।

4. नोबेल शांति पुरस्कार

दक्षिण अमेरिकी देश **कोलंबिया के राष्ट्रपति हुआन मानुएल सांतोस** को 2016 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है। नोबेल समिति ने अनुसार उन्हें अपने देश में 50 साल से चल रहे गृह युद्ध को खत्म करने के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति हुआन मानुएल सांतोस और फार्क नेता करीब चार साल से जारी वार्ताओं के दौर के बाद समझौते तक पहुंचे थे।

हालांकि कोलंबिया में वामपंथी विद्रोही लड़ाकों के साथ शांति समझौते को जनमत संग्रह में ठुकरा दिया गया है। बहुत से कोलंबियाई लोगों का कहना है कि शांति समझौते में फार्क को लेकर नरमी बरती गई।

5. चिकित्सा का नोबल पुरस्कार

जापान के 71 वर्षीय वैज्ञानिक **योशिनोरी ओसुमी** को 2016 के चिकित्सा में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया। इन्होंने नष्ट कोशिकाओं के पुनर्निर्माण पर कामयाबी हासिल की। स्वीडेन के नोबेल पुरस्कार वितरण समिति ने उसके नाम की घोषणा की और उनके प्रतिभावान प्रयोगों के लिए उनकी प्रशंसा की। इस प्रक्रिया द्वारा संक्रमण, ट्यूमर, कैंसर, पार्किंसंस, मधुमेह जैसे रोगों के लिए दवाईयाँ बनाई जा सकती हैं।

6. साहित्य का नोबेल पुरस्कार

अमेरिका के कवि और गायक **बॉब डिलेन** को साहित्य के नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। स्वीडन की नोबेल अकादमी ने गुरुवार को बताया कि अमेरिकी गीतों की परंपरा में कविता के नए भावों को रचने के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया गया है। इस पुरस्कार के तहत उन्हें लगभग 6 करोड़ 21 लाख (927740 डॉलर) रुपये की राशि मिलेगी।

You just read: Varsh 2016 Ke Nobel Puraskaar Se Sammaanit Vyaktiyon Ki Suchi